कुल पृष्ठ संख्या–24 (कवर पेज सहित) क्रम संख्या....

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## माध्यमिक परीक्षा

(परीक्षार्थी द्वारा स्वयं भरा जाना चाहिये)

Candidate's Roll No. In English
(In Figures)
(In Words)

परीक्षार्थी का नामांक हिन्दी में
शब्दों में

नोट :– परीक्षार्थी उपरोक्त के अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका के अन्य किसी भी भाग में अपना नामांक नहीं लिखें।

माध्यम – हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐

विषय Social Science

परीक्षा का दिन Wednesday

दिनांक 27-03-19

नोट :– परीक्षार्थी के लिए आवश्यक निर्देश इस पृष्ठ के पिछले भाग पर उल्लेखित हैं। जिन्हें सावधानी पूर्वक पढ़ लें व पालना अवश्य करें।

परीक्षक हेतु निर्देश :– (1) परीक्षक को उपरोक्त सारणी अनुसार प्राप्तांक भरना अनिवार्य है, अन्यथा नियमानुसार दंडित किया जायेगा।
(2) परीक्षक उत्तर पुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों के बायीं ओर निर्धारित कॉलम में लाल इंक से अंक प्रदत्त करें।
(3) कुल योग भिन्न में प्राप्त होने पर उसे पूर्णांक में ही परिवर्तित कर अंकित करें (उदारणार्थ : 15 ¼ को 16, 17 ½ को 18, 19 ¾ को 20)

### प्रश्नवार प्राप्तांकों की सारणी
(परीक्षक के उपयोग हेतु)

| प्रश्नों की क्रम संख्या | प्राप्तांक | प्रश्नों की क्रम संख्या | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 1 | | 19 | |
| 2 | | 20 | |
| 3 | | 21 | |
| 4 | | 22 | |
| 5 | | 23 | |
| 6 | | 24 | |
| 7 | | 25 | |
| 8 | | 26 | |
| 9 | | 27 | |
| 10 | | 28 | |
| 11 | | 29 | |
| 12 | | 30 | |
| 13 | | 31 | |
| 14 | | योग | |
| 15 | | प्राप्त अंकों का कुल योग (Round off) | |
| 16 | | अंकों में | शब्दों में |
| 17 | | | |
| 18 | | | |

परीक्षक के हस्ताक्षर ........................ संकेतांक ☐☐☐☐☐

प्रमाणित किया जाता है कि इस उत्तर पुस्तिका के निर्माण में 58 जी.एस.एम. क्रीमवोव कागज ही उपयोग में लिया गया है।165/2019

## परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

1. समस्त प्रश्नों का हल निर्धारित शब्द सीमा में इसी उत्तर पुस्तिका में करना है। विशेष परिस्थिति में अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका पृथक से उत्तर पुस्तिका भरी हुई होने पर पर्यवेक्षक एवं वीक्षक की अनुशषां पर ही उपलब्ध कराई जायेगी।
2. प्रश्न–पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना नामांक लिखें।
3. प्रश्न–पत्र हल करने के पश्चात् जिस पृष्ठ पर हल समाप्त होता है, उस पर अन्त में "समाप्त" लिखकर अन्त के सभी रिक्त पृष्ठों को तिरछी लाईन से काटें।
4. निम्न बातों का विशेष ध्यान रखें अन्यथा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी।
   (i) उत्तर पुस्तिका के ऊपर/अन्दर तथा प्रश्नोत्तर के किसी भी भाग में चाही गई सूचना के अलावा अपना नामांक, नाम, पता, फोन नम्बर अथवा पहचान की कोई अन्य प्रकार की सूचना आदि अंकित नहीं करें अन्यथा "अनुचित साधनों के प्रयोग" के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।
   (ii) उत्तर पुस्तिका के पृष्ठों को फाड़ें नहीं। उत्तर–पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अंकित संख्या के अनुसार पृष्ठ पूरे होने चाहिये। परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका प्राप्त करते ही पृष्ठ संख्या की जांच कर लें यदि पृष्ठ कम/अधिक या क्रम में नहीं हैं तो वीक्षक से तुरन्त बदलवा लें।
   (iii) परीक्षा केन्द्रों पर पुस्तक, लेख, कागज, केलक्यूलेटर, मोबाईल, पेजर आदि किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रोनिक उपकरण तथा किसी भी प्रकार का हथियार आदि ले जाना निषेध हैं।
   (iv) वस्त्र, स्केल, ज्योमेट्री बॉक्स पर कुछ न लिखकर लावें। टेबुल के आस–पास कोई अवैध सामग्री नहीं होनी चाहिये, इसकी जांच कर लें।
   (v) अपनी उत्तर पुस्तिका/ग्राफ/मानचित्र आदि परीक्षा भवन से बाहर ले जाना दण्डनीय अपराध है, अतः परीक्षा समाप्ति पर उत्तर पुस्तिका वीक्षक को बिना सौंपे परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ें।
5. उत्तरों को क्रमानुसार एक ही स्थान पर लिखें। प्रश्न क्रमांक भी सही अंकित करें, अन्यथा दण्ड स्वरूप परीक्षक को 1 अंक कम करने का अधिकार है। बीच में उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ रिक्त न छोड़ें। गणित विषय के लिए रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर करें तथा तिरछी रेखा से काटें।
6. जहाँ तक हो सके प्रश्न के सभी भाग के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में एक ही स्थान पर अंकित करें।
7. भाषा विषयों को छोड़कर शेष सभी विषयों के प्रश्न–पत्र हिन्दी–अंग्रेजी दोनों भाषा में मुद्रित है। किसी भी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही माना जाये।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

1) महाजनपदो के नाम →
i) मगध, ii) कोशल वत्स

2) बलबन ने मंगोलो के आक्रमण से अपने राज्य की रक्षा के लिए एक विभाग का गठन किया जिसे दिवाने - आरिज कहा गया।

3) लोकतन्त्र के बहुलवादी सिद्धान्त के समर्थक एच. जे लास्की व डिग्वी है।

4) तुंगभद्रा बहुउद्देश्यी परियोजना मे आन्ध्र-प्रदेश व कर्नाटक राज्य हिस्सेदार है।

5) उत्पादन :— उपयोगिता का सृजन व मूल्य वृद्धि का सृजन ही उत्पादन कहलाता है।

6) तृतीयक क्षेत्र की गतिविधियो मे परिवहन व संचार आदि शामिल है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
| --- | --- | --- |

7) नीति आयोग का कार्य →

* थिंक-टैंक योजनाएं बनाना

जो नीति आयोग के ही उपसमूह ज्ञान व नवाचार हब द्वारा किया जाता है।

8) माँग प्रेरित मुद्रा स्फीति :— समग्र माँग मे वृद्धि की स्थिति से उत्पन्न मुद्रा स्फीति माँग प्रेरित मुद्रा स्फीति कहलाती है।

9) गरीबी के दुष्चक्र का निहितार्थ (रेग्नार नर्क्से के अनुसार) है कि कोई देश गरीब है क्योंकि वह पहले से ही गरीब है गरीबी का कारण गरीबि है व गरीबी का प्रभाव भी गरीबी है।

10) मौसमी बेरोजगारी :— मौसम के प्रतिकूल होने पर उत्पन्न बेरोजगारी को मौसमी बेरोजगारी कहते है

उदाहरण :— भारतीय कृषि मे उत्पन्न बेरोजगारी। मौसम के प्रतिकूल होने पर

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

11) एक राज्य के मुख्य - मंत्री होने के नाते हम विधानसभा के नेता के रूप मे निम्न कार्य करेंगे ⟶

i) धन विधेयक सहित अन्य विधेयकों को विधानसभा मे प्रस्तुत कराना।

ii) कानून निर्माण कि प्रक्रिया मे [राज्य की] महत्वपूर्ण निर्णय आदि लेना।

13) चावल उत्पादन के लिए 19-27° सेन्टीग्रेड तापकी आवश्यकता होती है।
75-200 सेन्टीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है।

14)

| सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|
| अ) बिटुमिनस | ⟶ | 75 - 80 % |
| ब) लिग्नाइट | ⟶ | 35 - 50 % |
| स) पीट | ⟶ | 15 - 35 % |
| द) एन्थ्रेसाइट | ⟶ | 80 - 90 % |

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

15) लखनऊ के समीप गोमती नदी मे मछलियाँ के मरने का कारण वहाँ स्थापित कागज व गन्ने के उद्योगो द्वारा निकला प्रदुषण है इसे कम करने के लिए निम्न उपाय अपनाएगें →

i) औद्योगिक इकाई यो को नदियो से कुछ दुरी पर लगाना।

ii) औद्योगिक अपशिष्टो को नदियों में न डालकर अन्य विधियो [ भस्मीकरण आदि ] से उनका निस्तारण करना।

16) राजस्थान मे बालिका शिक्षा को बढाने के लिए चलाई जाने वाली योजनाए →

i) गार्गी पुरस्कार

ii) आपकी बेटी योजना

iii) देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण व साइकल वितरण

iv) कस्तुरबा गाँधी आवासिय बालिका विद्यालय ग्रामीण बालिकाओ को ट्रासर्पोर्ट वाउचर प्रदान करना।

17) इन्टरनेट के महत्व →

i) किसी भी सुचना को दुर स्थानो पर भेजना।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

ii) विडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा परस्पर मेल - मिलाप।

iii) किसी भी जानकारी को सरलता से पाना।

iv) उन्नत संचार कि मोबाइल तकनिकी [ विभिन्न एप्प आदि ] का प्रयोग कर पाना।

18) वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानिया →

i) वाहन को उचित गतिसीमा मे चलाना।

ii) यातायात संकेतो की पालना करना।

iii) मादक पदार्थों के सेवन पर वाहन न चलाना।

iv) कोहरे आदि की स्थिति मे इन स्थितियो मे प्रशिक्षित होने पर ही वाहन चलाना।

19) स्वच्छता के प्रकार

* i) सामूहिक स्वच्छता :— सामूहिक स्वच्छता का सम्बन्ध ग्रामीणों द्वारा खुले मे मल - मूत्र त्यागने के सन्दर्भ मे है ग्रामीण को

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

स्वच्छता के बारे मे बताना इसके अन्तरगर्त आता है।

* **शुष्क स्वच्छता :—**
शुष्क स्वच्छता का सम्बन्ध शौचालय आदि की स्वच्छता के लिए अपनाएँ गये अन्य प्रयासो से है सिर्फ हाथ धोना ही ~~काफी~~ काफी नही है।

20। अशोक के शासन काल मे ~~निम्न~~ इन पदो की नियुक्ति व व्यवस्था की गयी थी —

* **धम्मयात्रा :—**
अशोक से पहले "विहार यात्राएँ" की जाती थी जिनमे पशुओ की बली दी जाती थी। अशोक ने इन्हे हटाकर "धम्मयात्रा" की शुरुआत की जिसमे पवित्र बौद्ध स्थलो की यात्राएँ कर श्रमणो व ब्राह्मणो को दान दिया जाता था।

* **धम्ममहामात्र :—**
अशोक ने राज्याभिषेक के 13 वे वर्ष धम्ममहामात्र की नियुक्ति कि जिसका प्रमुख कार्य था —>
i) धम्म का प्रचार
ii) कैदीयो की सजा कम करना

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

iii) उनके परिवारों को आर्थिक सहायता देना।

22) युरोप मे राष्ट्रवाद [ व्यक्ति की देश के प्रति निष्ठा व प्रेम, देश भक्ति ] के निम्न कारण थे ⟶

* **मध्यम वर्ग का उदय :—** युरोप मे पहले कुलीन वर्ग की सत्ता थी लेकिन जैसे -2 औद्योगीक क्रान्ति का विस्तार हुआ। लोगो कि आर्थिक दशां मे परिवर्तन हुआ। सब एक नये वर्ग (मध्यम वर्ग) का उदय हुआ। जिसने कुलिन वर्ग के विशेषाधिकारो का खण्डन किया। जिससे लोगो मे राष्ट्रवाद की भावना का उदय हुआ।

* **फ्रांस की क्रान्ति का प्रभाव :—** फ्रांस की 1789 की गौरव पूर्ण क्रान्ति ने लोगो ~~लोगो~~ मे नई चेतना का विस्तार किया। इस क्रान्ति ने लोगो को सिखाया कि व्यक्ति की स्वतंत्रता बहुत पावन है जिसका हनन नही हो सकता।

* **क्रान्तिकारी भावना :—** कुछ देश युरोप मे रूढीवादी भावना की पुनर्स्थापना करना चाहते थे। जिससे कई क्रान्तिकारी भुमिगत

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

होकर योजनाएँ बना कर लोगो को प्रशिक्षिण देने लगे व उनमे राष्ट्रवादी भावना का अलख जगाया।

* भाषा व साहित्य :—

राष्ट्रवाद की भावना जगाने मे भाषा का विशेष योगदान रहा। रूस मे पोलिश भाषा हटाकर रूसी भाषा जबरन थोपी गयी किन्तु ये प्रयास लोगो को उनकी मातृभाषा के प्रेम की ओर ले गया व उन्होने भाषा को मुख्य हथियार बनाकर सार्वजनिक रूप से पोलिस भाषा का प्रयोग शुरू किया

23 हम लोकतन्त्र की सफलता के लिए व्यक्ति केन्द्रित भावना को आवश्यक मानते है जो निम्न दो परिस्थितियों से सक्रिय होगी ⟶

* स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका :—

न्यायपालिका की स्वतत्रंता से व्यक्ति की स्वतंत्रता व अधिकारों की रक्षा होती है वह न्यायपालिका ही होती है जो कार्यपालिका व व्यवस्थापिका की अनुचित नीतियो व उसके अत्याचारो से व्यक्ति की रक्षा करती है। अतः न्यायपालिका की स्वतत्रंता अनिवार्य है।

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

* **शान्ति व व्यवस्था :—** शान्ति व व्यवस्था की स्थिति मे व्यक्ति की स्वतंत्रता सुरक्षित रहती है क्योंकि तब सत्ता का विकेन्द्रीकरण होता है लेकिन जैसे ही शान्ति व्यवस्था भंग होती है सत्ता का केन्द्रीकरण होने लगता है व्यक्ति के अधिकार व स्वतन्त्रता छिन जाती है। ऐसी अवस्था मे लोकतंत्र दम तोड़ने लगता है अतः शान्ति व्यवस्था लोकतंत्र की सफलता के लिए अतिआवश्यक है।

अथवा का उत्तर

24) स्वदेशी का अर्थ है 'स्वयं के देश का' अतः यह ~~स्व~~ हमारे व हमारे देश को कुछ लाभ प्रदान करती है जो अग्रलिखित है :—

* **देश की अर्थव्यवस्था को सहायक :—** स्वदेशी की भावना से देश के लिए उत्पाद देश मे ही बनेगा अतः धन के निष्क्रम से सुरक्षा के कारण देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ होगी।
* **राजस्व मे वृद्धि :—** देश का सामान देश मे बनने पर देश को अधिक राजस्व

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

प्राप्त होगा जो देश को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाएगा।

* आत्मरक्षक कवच :-

आत्मनिर्भरता आत्मरक्षा का कवच होती है स्वदेशी से देश आत्मनिर्भर बनेगा व संकटकाल के समय मजबूत रहेगा।

* विरोधी देश को देगी जवाब :-

कुछ देश ऐसे है जो अपने उत्पादों से भारत से बहुत धन ले जाते है व अन्तराष्ट्रीय मंच पर उसका विरोध करते है स्वदेशी की भावना ऐसे देशों के लिए करारा जवाब है।

25) भारत के संस्थागत व गैर संस्थागत स्त्रोतो मे भेद :-

| | संस्थागत स्त्रोत | गैर संस्थागत स्त्रोत |
|---|---|---|
| i) | वे स्त्रोत जो केन्द्रीय बैंक या केन्द्र सरकार के निर्देशन मे कार्य करते है। | वे स्त्रोत जो स्वतन्त्र रूप से कार्य करते है व केन्द्र सरकार के नियमो का पालन नही करते। |
| ii) | इनके द्वारा ली गयी ब्याज की दरे कम होती है। | इसकी ब्याज दरे अधिक होती है। |

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

| | |
|---|---|
| iii) इनका समय निश्चित होता है | इनका समय निश्चित नहीं होता। |
| iii) इनसे ऋण लेने की प्रक्रिया थोड़ी जटील होती है | इनके द्वारा ऋण देने की प्रक्रिया मे लोचशीलता होती है। |
| iv) ये लिखित रिकार्ड रखते है | ये कागजी कार्यवाही कम रखते है। |
| v) ये शोषणकारी नही होते | इनके हेराफेरी के मामले सामने आते है। |
| vi) उदा→ बैंक, सहकारी ~~समी~~ समिती | उदा → साहुकार, रिश्तेदार आदि |

26) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 के अनुसार उपभोक्ताओ को कुछ कर्तव्य भी दिये गये है जो उन्हे उपभोक्ता ~~को~~ शोषण से बचाते है। जो अग्रलिखित है →

i) क्रय की गयी वस्तुए का बिल/क्रय संविदा आदि लेना।

ii) वस्तु की लिखित व अलिखित पूर्ण जानकारी प्राप्त करना।

iii) गुणवत्ता चिह्न जैसे ISI/ ISO/ AG/EPO आदि देखकर ही वस्तु को खरिदना।

iv) वस्तु के अवगुण की जानकारी उत्पादक / विक्रेता को देना।

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

v) अपनी शिकायत पर आवश्यक परिणाम 6 जुटाना।
vi) यदि उत्पादक शिकायत पर ध्यान न देते राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण मंच को इसकी जानकारी देना। आदि॥

27) राजस्थान मे किसान आन्दोलन के कारण →
i) ~~साहूकार~~ सामंतो व महाराज पर अंग्रेजी ~~शास~~ शासन के प्रभाव से वे इस शासन को ही मानना अपना धर्म समझते थे।
ii) किसानो के प्रति सामंतों का पैतृक नजरिया बदलना।
iii) किसानो की अत्यधिक संख्या से सामंतो मे रोष होना।
iv) पैसो का लालच, अंग्रेजी ~~स~~ सरकार की नौकरशाही आदि का होना। व लाग-बाग अधिक होना।

राजस्थान मे हुए किसान आन्दोलन

* **बिजु किसान आन्दोलन :—** अत्यधिक कर। शोषण सामंतों का स्वभाव आदि से परेशान होकर व बिजोलिया किसान आन्दोलन

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

से प्रभावित होकर बेगू परगने के किसानों ने आन्दोलन ~~आन्दोलन~~ का निश्चय किया।
इस आन्दोलन का नेतृत्व रामनारायण चौधरी ने किया। सन् 1921 मे बेगू के लोग के आन्दोलन के आगे वहा के अनूपसिंह को झुकना पड़ा बाद मे राजस्थान सेवा संघ व अनुपसिंह के मध्य बोलशेविक समझौता हुआ।
बेगू ठिकाने के लोगो को को समझाने के लिए बाद मे ट्रेंच के नेतृत्व मे समिति आई। उस समय किसान वहां सभा कर रहे थे। समिति ने उन्हे तितर-बितर होने का आदेश दिया परन्तु किसान नही माने अत: ट्रेंच व अमृतलाल ने वहा गोलिया चलवा दी। जिससे रूपाजी व कृपाजी नामक आन्दोलन कारी मारे गये इससे घबरा कर वहाँ के लोगो को 1923 मे ही आन्दोलन समाप्त करना पड़ा।

* <u>बरड किसान आन्दोलन</u> :—

बरड ~~जनता~~ ठिकाने के भील भी ~~[illegible]~~ अत्याधिक पीडित थे। जिनका कारण अधिक लगान था।
अत: 1922 मे नयनूशर्मा के नेतृत्व मे उन्होने आन्दोलन प्रारम्भ किया।
एक बार ~~किसान~~ किसान सभा कर रहे थे जिसकी खबर अंग्रेजो के

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

सिपाही को मिलने पर उसने ~~ब~~ उन्हें सभा रोकने को कहा लेकिन किसान नही माने अतः सिपाही ने गोलिया ~~ब~~ चला दी जिससे वहाँ के आन्दोलनकारी नानक भील, देवराम गुर्जर शहीद हो गये अतः इस प्रकार यह आन्दोलन भी 1927 मे राजस्थान सेवा संघ के साथ समाप्त हो गया।

28) प्रधानमंत्री - एक परिचय :- संविधान के अनुच्छेद 74 के अनुसार भारत का 1 प्रधानमंत्री होगा ~~व~~ अनुच्छेद 75 के अनुसार इसकी नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा। प्रधानमंत्री ही राष्ट्र कार्यपालिका का वास्तविक प्रधान होता है।

प्रधानमंत्री के कार्य व शक्तियाँ :-

i) मंत्रीपरिषद का गठन :- प्रधानमंत्री ही मंत्रीपरिषद का गठन करता है वह राष्ट्रपति को मंत्रीयो के नाम व उनके ~~विभा~~ विभाग की सूची देता है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

ii) मंत्रीयो मे कार्य विभाजन :— प्रधानमंत्री अन्य मंत्रियो को अनेक विभाग प्रदान करता है व विभागो की बदली भी करता है। यह एक मंत्री के एक या अधिक विभाग दे सकता है।

iii) कार्य सचालन :— प्रधानमंत्री कार्यो की सूची बनाता जिसपर मंत्रीगण कार्य करते है। मंत्री प्राय: वही कार्य करते है जो "कार्यसूची" या "एजेन्डा" मे रखे जाते है।

iv) ~~विधानसभा~~ लोकसभा का नेता :— प्रधानमंत्री कार्यपालिका का सदस्य होने के साथ-2 लोकसभा का नेता भी होता है अत: धन विधेयक सहित अन्य विधेयक भी प्रधानमंत्री ही लोकसभा मे जारी कराता है।

v) राष्ट्रपति व अन्य मंत्रीयो के मध्य समन्वय :— प्रधानमंत्री ही एक ऐसी कडी है जो राष्ट्रपति को मंत्रीपरिषद के कार्यो की जानकारी देता है।

vi) विभिन्न पदो पर नियुक्तिया :— सविधान मे जिन ~~कार्यो~~ नियुक्तियो के कार्य राष्ट्रपति को दिये जाते है व्यवहार मे वह कार्य प्रधानमंत्री करता है।

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

29) राज्यपाल - एक परिचय :-

राज्यपाल राज्य कार्यपालिका का संवैधानिक प्रधान होता है। दुर्गादास बसु के शब्दों मे "कोई मे राज्यपाल ~~सम्बन्ध~~ राष्ट्रपति के समान है बस केवल सेना, कुटनीति, संकटकाल के अतिरिक्त"

कार्यपालिका शक्तियाँ :-

i) "राज्यपाल को कार्यपालिका शक्ति प्रदान है जिसका उपयोग वह स्वयं व आधिनस्थ मंत्रियों के साथ करेगा" ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्यो मे भी संसदात्मक शासन ~~व्यवस्~~ ~~व्यवस्~~ व्यवस्था है।

राज्यपाल राज्य लोक सेवा आयोग, महालेखा परिक्षण की नियुक्ति करता है। राष्ट्रपति उच्च न्यायालय के के न्यायाधिश की नियुक्ति के समय राजयपाल से परामर्श लेता है।

वह राष्ट्रपति की आज्ञा पर समवर्ती सूची व राज्यसूची पर कानून बनवाता है।

वह मंत्रीपरिषद के सदस्यो को कर्तव्य पालन व पद की गोपनियता की शपथ दिलवाता है।

ii) विधायी शक्तियाँ :-

राज्यपाल विधानसभा का भी एक अविभाज्य अंग है। वह

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

विधानसभा का अधिवेशन बुलाता है व सत्रावसान करता है वह विधानसभा को भंग कर सकता है।

वह किसी भी विधेयक पर निषेधाधिकार का प्रयोग कर सकता है लेकिन द्वितीय बार विधेयक को स्वीकृति देना आवश्यक है।

वह विधानसभा मे 1 सदस्य (आँग्ल भारतीय) मनोनीत करता है व विधानपरिषद मे 1/6 सदस्य मनोनीत करता है जो साहित्य, सेवा, कला, विज्ञान आदि से सम्बन्धित होते है।

जब विधानसभा का अधिवेशन न चल रहा हो तो वह अध्यादेश जारी कर सकता है जो संसद द्वारा मान्य कानून के समान ही होता है।

30) (अ) अहमदाबाद
(ब) दादरा व नगर हवेली
(स) आगरा
(द) सिक्किम
य) दिल्ली
उत्तर = नक्से मे

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

21) महाराणा प्रताप को अधीन करने के लिए अकबर द्वारा उठाए गए कदम →

i) 1572 मे जलाल खां को प्रताप के पास अधीनता स्वीकार करने के लिए भेजना

ii) 1573 मे मानसिंह को भेजना

iii) 1573 मे अधीनस्थ राजा को भेजना

iv) 1573 मे टोडरमल को भेजना।

v) 1576 हल्दीघाटी का युद्ध व तत: पश्चात दिवेर का युद्ध करना

vi) 1577 मे स्वयं प्रताप के पास जाना

vii) 1577-79 तक आधिनस्थ राजा को प्रताप के पास आधिनता स्वीकार करने के लिए भेजना

12) पश्चिमी राजस्थान मे ग्रीष्म ऋतु मे वर्षा जल के सुखने के बाद जलापूर्ति के लिए "कुई" का निर्माण किया जा सकता है।
इसके निर्माण मे विशेषताएं :—

i) 5-6 मीटर का गहरा गड्ढा खोदा जाता है।

ii) 2-3 मीटर के व्यास का होता है।

"समाप्त"

Sl.No. : 0533864

नामांक Roll No.

| 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 2 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|

S-08-Social Science

# माध्यमिक परीक्षा, 2019


# SECONDARY EXAMINATION, 2019

## सामाजिक विज्ञान

प्र॰ सं॰ = 30

## SOCIAL SCIENCE

उत्तर →




(अ) सूती वस्त्र उद्योग नगरी

(ब) केन्द्रीय शासित प्रदेश

(स) दर्शनीय स्थल

(द) न्यूनतम जनसंख्या

(य) राजधानी